दिनांक : 20.02.2025 समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाए दिलाने का दिया आश्वासन।
- केन्द्रीस वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा- केन्द्रीय बजट 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा।
- जल संरक्षण का संदेश देने वाली जल यात्रा का आज केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में छतरपुर जिले के जटाशंकर में होगा समापन।
- प्रदेश में तापमान में वृद्धि से गर्मी बढ़ी।

मुख्यमंत्री - खेल/लैपटाप राशि वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर जो सुविधाएं दी जाती हैं, वे सभी सुविधाएं प्रदेश के खिलाड़ियों को भी दी जाएंगी। खेल मंत्रालय द्वारा जो भी खेल नीति तय की जायेगी, उसे राज्य में अमल में लाया जायेगा। मुख्यमंत्री कल जबलपुर के रांझी में 26 दषमलव 80 करोड़ की लागत से बनी राज्य तीरंदाजी खेल अकादमी के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को प्रदेष में हरसंभव सुविधाएं दी जाएंगी।

बाइट- खिलाड़ी

एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेष के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 21 फरवरी को उनके बैंक खाते में लैपटॉप की राशि जमा की जाएगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2023-24 की परीक्षा में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ रूपये की राशि जमा होगी।

केन्द्र बजट

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री मंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा। यह केंद्रीय बजट संपूर्ण भारत के समग्र विकास की परिकल्पना को साकार करने वाला है। उन्होंने कल जबलपुर में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि सभी वर्गों में समावेशी विकास के माध्यम से मोदी सरकार की सबका साथ, सबका विकास की प्रतिबद्धता को पुनर्जीवित करती है। उन्होंने कहा केंद्रीय बजट चार प्रमुख इंजनों द्वारा संचालित है। ग्रामीण समृद्धि के लिए कृषि, उद्यमिता और रोजगार सृजन के लिए एम.एस.एम.ई, बुनियादी ढांचे और नवाचार के लिए निवेश, और वैश्विक प्रतिस्पर्धा और आर्थिक वृद्धि के लिए निर्यात। उन्होंने बताया ज्ञान के मुख्य स्तंभों के अतिरिक्त, मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को फिर दोहराया है, ताकि उसकी क्षमता को बढ़ाया जा सके और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को सुरक्षित किया जा सके। इस दिशा में, मोदी सरकार ने 'विवाद से विश्वास' की नीति को अपनाया है, जहां आयकर विभाग पहले करदाता पर विश्वास करता है और बाद में उनकी जांच करता है।

शिवाजी जंयती-प्रदेश

छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वी जंयती पर कल कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भोपाल और इंदौर में  षिवाजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। शोभा यात्रा निकाली गई। देवास जिले में श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की पूजन आरती की गई, तत्पश्चात प्रभात फेरी महात्मा गांधी मार्ग से शिवाजी उद्यान, भोपाल चौराहा तक निकाली गई। इसके अलावा गुना में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस बीच शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर रिलीज हुई हिन्दी फिल्म "छावा" प्रदेश में टैक्स फ्री कर दी गई है। यह फिल्म शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी के जीवन पर केन्द्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में यह घोषणा की है।

जल संरक्षण

जल संरक्षण को जन आंदोलन में बदलने और पारंपरिक जल संसाधनों के पुनर्जीवन के उद्देश्य से जल सहेलियों द्वारा आयोजित ऐतिहासिक जल यात्रा 20 फरवरी को छतरपुर जिले के जटाशंकर धाम में संपन्न होगी। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह में जल सहेलियाँ अपनी यात्रा के अनुभव और सीख केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान के समक्ष रखेंगी। इस यात्रा का उद्देश्य बुंदेलखंड के चंदेला, बुंदेला तालाब प्रबंधन एवं छोटी नदियों के पुनर्जीवन को बढ़ावा देना जिससे समुदाय को जल संरक्षण के कार्य से जोड़ा जा सके। 2 फरवरी से शुरू हुई इस यात्रा में जल सहेलियों ने 300 कि.मी. की दूरी तय की, इस दौरान जल सहेलियां निवाड़ी, झांसी, ललितपुर, टीकमगढ़ और छतरपुर जिलों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान प्रत्येक दिन जल सहेलियों ने 17-18 किमी की दूरी तय कर 1 सैकड़ा से अधिक गाँवो में जाति समुदाय की सीमाओं से परे गाँवों में जल चौपालों का आयोजन कर ग्रामीणों के साथ जल संकट और उसके समाधान पर विचार-विमर्श किया।

ग्रामीण विकास

केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने ग्रामीण नागरिकों के जीवन को अधिक आरामदायक बनाने के लिए कई क्रांतिकारी योजनाए शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है। श्री सिंह ने नई दिल्ली में अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन - एएआरडीओ के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत एएआरडीओ को अपने समर्थन के साथ ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाएगा।

मौसम

प्रदेश में तापमान बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से मौसम में बदलाव आ रहा है। कल ग्वालियर-चंबल में हल्की बारिश हुई, जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में गर्मी का असर देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार आज दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जबकि कल पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों सीधी, सिंगरौली, शहडोल, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की

बारिश हो सकती है। इस बीच प्रदेश में कल ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री के पार ही रहा।

षहरी योजना

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदेश के 5 शहरों के कम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान को देखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष-2047 को ध्यान में रखते हुए विकसित भारत की कल्पना की है। उन्होंने कहा कि विभाग को प्रदेश के 5 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में नागरिक परिवहन की उन योजनाओं पर जोर देना चाहिये, जिनका उपयोग शहर की अधिक से अधिक आबादी कर सके। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में भोपाल-इंदौर में पहले चरण में 31-31 किलोमीटर में मेट्रो का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश के 5 शहरों की अल्टरनेटिव एनालिसिस रिपोर्ट का प्रेजेंटेशन भी दिया गया।

सिकल सेल उपचार

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सिकल सेल एनीमिया के बेहतर प्रबंधन और उपचार की व्यवस्थाओं पर चर्चा में निर्देश दिए हैं कि सिकल सेल एनीमिया के उपचार के लिये प्रमाणित और उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दवा आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु बनाए रखने और गुणवत्तायुक्त दवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवीन जिला चिकित्सालयों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेष में गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए अभी तक एक लाख 88 हजार 645 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं।
- प्रदेश के अशासकीय विद्यालय की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 फरवरी कर दी गई है।

- नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में दस दिवसीय महादेव शिवरात्रि मेला  शुरू हो गया है। मेले में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु चौरागढ़ महादेव और जटाशंकर के दर्शन के लिए आ रहे हैं।
- खण्डवा में आज से 31 मार्च तक निरोगी काया अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में 30 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों की विभिन्न जाँचे की जायेंगी।
- सतना में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं 24 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित होगी। जिले में विकासखंड स्तर पर अमरपाटन, मैहर, रामनगर में मूल्यांकन केंद्र निर्धारित किए गए हैं।
- पन्ना टाइगर रिजर्व में गिद्धों के प्राकृतिक रहवास पाए गए हे। यहां तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना 2025 अन्तर्गत का कार्य कल पूरा हो गया। कुल दो हजार अड़तीस गिद्ध पाए गए हैं।

-------